# ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (AUAB)

**प्रेस विज्ञप्ति** **22.02.2020**

ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (AUAB) द्वारा 24.02.2020 को राष्ट्रव्यापी भूख हड़ताल आयोजित की जा रही है। यह भूख हड़ताल, BSNL के लिए यूनियन कैबिनेट के रिवाइवल पैकेज के त्वरित क्रियान्वयन और कर्मचारियों की समस्याओं के निदान की मांग को ले कर की जा रही है।

23.10.2019 को BSNL और MTNL, दोनों के लिए, यूनियन कैबिनेट द्वारा रु 69,000 करोड़ का रिवाइवल पैकेज अनुमोदित किया गया है। 4G स्पेक्ट्रम का आवंटन, लंबी अवधि के बॉन्ड के जरिए रु 15,000 करोड़ के लगभग (रु 8,500 करोड़ BSNL हेतु और रु 6,500 करोड़ MTNL) फण्ड एकत्रित करने हेतु सॉवरिन गारंटी, संपत्ति का मुद्रीकरण (monetisation of assets) और VRS का क्रियान्वयन, इस रिवाइवल पैकेज के प्रमुख अंश हैं।

इनमें से, केवल VRS का क्रियान्वयन किया गया है, जिसके माध्यम से 78,569 BSNL कर्मचारियों को घर भेज दिया गया है। यह बेहद व्यथित करने वाली बात है कि लगभग 4 माह की अवधि बीत जाने के बावजूद BSNL को अभी तक 4G स्पेक्ट्रम आवंटित नहीं किया गया है। इसी प्रकार BSNL को अभी तक सरकार द्वारा सॉवरिन गारंटी प्रदान नही की गई है, जिससे कि लंबी अवधि के बॉन्ड के जरिए BSNL रु 8,500 करोड़ राशि प्राप्त कर सके। BSNL की संपत्ति की मुद्रीकरण (monetisation) की प्रक्रिया भी कछुआ चाल से चल रही है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के AGR की गणना के संबंध में दिए गए निर्णय की वजह से टेलीकॉम सेक्टर में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है, जिसके चलते बैंक्स BSNL के लिए बेहद जरूरी लोन देने हेतु भी अनिच्छुक है।

4G स्पेक्ट्रम के आवंटन में हो रही देरी और फंड्स की अनुपलब्धता की स्थिति में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि BSNL की 4G सेवाएं 2020 के अंत के पूर्व शुरू किए जाने की संभावना नही हैं। यह देरी, यूनियन कैबिनेट की, BSNL रिवाइवल पैकेज के अनुमोदन की भावना के खिलाफ है। BSNL के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने हेतु माननीय संचार मंत्री का ध्यान भी पूर्व में आकर्षित किया जा चुका है। किंतु, स्थिति यथावत है।

उपर्युक्त परिस्थिति में, BSNL राजस्व निर्मित करने (revenue generation) की स्थिति में नही है और नगदी की बेहद कमी से जूझ रहा है। कर्मचारियों को समय पर वेतन प्राप्त नही हो रहा है और कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स को भी विगत 10 माह से वेजेस का भुगतान नही किया गया है। BSNL मैनेजमेंट द्वारा कर्मचारियों के वेतन से काटे जा चुके GPF, बैंक ऋण की EMI, सोसाइटी ड्यूज, LIC प्रीमियम आदि संबंधित संस्थाओं को प्रेषित नही किए जा रहे हैं। फलस्वरूप, कर्मचारी GPF और सोसाइटी ऋण नही ले पा रहे हैं।

ऐसी स्थिति के चलते, AUAB द्वारा 11.02.2020 को भोजन अवकाश में देशव्यापी प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 24.02.2020 को दूरसंचार विभाग और BSNL मैनेजमेंट से त्वरित कार्यवाही की मांग करते हुए देश भर में कॉर्पोरेट ऑफिस, सर्किल और डिस्ट्रिक्ट स्तर पर भूख हड़ताल की जा रही है।

कॉम चंदेश्वर सिंह,
चेयरमैन, AUAB
मोब. : 9868256622

पी.अभिमन्यु,
कन्वेनर, AUAB
मोब :9868231113